# *RAISINA BENGALI SCHOOL*
## *CLASS - 4 ( हिन्दी )*

---

## व्याकरण
## पाठ - 2 ( वर्णमाला )

****************************************

**गृहकार्य निर्देश - नीचे दिए गए पाठ को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे दिए गए कार्य को अपनी कॉपी में उत्तर सहित स्वयं लिखें ।**

# वर्णमाला




**समझिए**

वह सबसे छोटी ध्वनि जिसके खंड (टुकड़े) न किए जा सकें, **वर्ण** कहलाती है।



**समझिए**

किसी भाषा के समस्त वर्णों के क्रमबद्ध समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।

बोलते समय हम शब्दों का प्रयोग करते हैं। प्रत्येक शब्द में कई ध्वनियाँ होती हैं।

**दिए गए शब्दों और उनकी ध्वनियों को ध्यानपूर्वक देखिए–**

| | शब्द | ध्वनि |
|---|---|---|
|  | कमल | क् + अ + म् + अ + ल् + अ |
|  | कार | क् + आ + र् + अ |
|  | शेर | श् + ए + र् + अ |

उपरोक्त शब्द विभिन्न ध्वनियों के मेल से बने हैं। इन ध्वनियों के और खंड (टुकड़े) नहीं किए जा सकते।

**वर्णमाला (Alphabet)**

**हिन्दी की वर्णमाला है –**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ऋ |
| ए | ऐ | ओ | औ | अं | अः | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ |
| च | छ | ज | झ | ञ |
| ट | ठ | ड (ड़) | ढ (ढ़) | ण |
| त | थ | द | ध | न |
| प | फ | ब | भ | म |
| य | र | ल | व | श |
| ष | स | ह | | |

## वर्णों के प्रकार (Kinds of Letters)

**वर्ण दो प्रकार के होते हैं–**

1. **स्वर (Vowels)–** जिन वर्णों का उच्चारण किसी अन्य ध्वनि की सहायता के बिना होता है, उन्हें **स्वर** कहते हैं। इनकी संख्या 11 है।

अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ = 11

2. **व्यंजन (Consonants)–** जिन वर्णों के उच्चारण में स्वरों की सहायता ली जाती है, उन्हें **व्यंजन** कहते हैं। हिन्दी में 35 व्यंजन हैं जो निम्नलिखित हैं–

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. कवर्ग | क | ख | ग | घ | ङ | |
| 2. चवर्ग | च | छ | ज | झ | ञ | |
| 3. टवर्ग | ट | ठ | ड (ड़) | ढ (ढ़) | ण | = 27 वर्ण |
| 4. तवर्ग | त | थ | द | ध | न | |
| 5. पवर्ग | प | फ | ब | भ | म | |
| 6. अंतःस्थ | य | र | ल | व | | = 4 वर्ण |
| 7. ऊष्म | श | ष | स | ह | | = 4 वर्ण |
| | | | | | कुल | = 35 वर्ण |

**इन्हें भी जानिए–**

'ड़' और 'ढ़' शब्द के आरम्भ में कभी नहीं आते।

**अं** और **अः** वर्णों को **अयोगवाह** कहा जाता है।

**क्ष, त्र, ज्ञ** और **श्र** संयुक्त वर्ण माने जाते हैं। ये इस प्रकार बनते हैं–

क् + ष = क्ष    त् + र = त्र    ज् + ञ = ज्ञ

इसी प्रकार **श्र** भी संयुक्त वर्ण है–श् + र = श्र

## पाठ पर आधारित प्रश्न

1. बिन्दु और चन्द्रबिन्दु सही जगह लगाकर शब्द पूरे करो -

| | |
|---|---|
| मा - | बदर - |
| अडा - | आख - |
| पतग - | साप - |

2. वर्णों को मिलाकर शब्द बनाइए -

(क) क्+इ+त्+आ+ब्+अ - किताब
(ख) म्+इ+ठ्+आ+ई -
(ग) न्+ए+व्+अ+ल्+आ -
(घ) क्+ओ+य्+अ+ल्+अ -
(ङ) स्+ऐ+न्+इ+क्+अ -

3. सही शब्द के सामने सही का निशान ✓ लगाइए -

| | |
|---|---|
| पेड़ ○ | पेड ○ |
| सडक ○ | सड़क ○ |
| कडाही ○ | कड़ाही ○ |
| गुडिया ○ | गुड़िया ○ |